रक्षा करो मेरे राम | by Jaspinder Narula

रक्षा करो मेरे राम, रक्षा करो मेरे राम
रक्षा करो मेरे राम, रक्षा करो मेरे राम
मन की लगी है तुमसे ही भगवन
पूजूँ तुम्हे सुबह शाम
रक्षा करो मेरे राम.........

मेरे राम ..मेरे राम ...मेरे राम ..मेरे राम ...

मन में यकीं है ये सदा छूटे न द्वार तुम्हारा
नाता जुड़ा तुमसे मेरा तुम ही हो मेरा सहारा
प्राणो की साँसे तुमसे ही भगवन बिगड़े बने सारे काम
बिगड़े बने सारे काम ....
रक्षा करो मेरे राम.........

मेरे राम ..मेरे राम ...मेरे राम ..मेरे राम ...

शोभित सदा होता रहा रघुवर तुम्हारा ही द्वारा
धरती गगन गूंजे सदा भजनो से संसार सारा
जयकारों से गूंजे ये दुनिया गूंजे गगन तेरा नाम
गूंजे गगन तेरा नाम ....
रक्षा करो मेरे राम.........

मेरे राम ..मेरे राम ...मेरे राम ..मेरे राम ...

डूबे रवि लाली लिए सरयूं नदी का किनारा
चलती पवन चमके नयन इस पल ने मन को संवारा
इस जीवन की महकी है बगिया जीवन किया तेरे नाम
जीवन किया तेरे नाम ....
रक्षा करो मेरे राम..........

मेरे राम ..मेरे राम ...मेरे राम ..मेरे राम ...

फैली किरण महके सुमन दीपों सा फैले उजाला
मंदिर सजे आँगन सजे हर्षित हुआ दिल हमारा
मन मेरा मंदिर मूरत है तेरी ये जग बना तेरा धाम
ये जग बना तेरा धाम ......
रक्षा करो मेरे राम..........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%b7%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a5%8b-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-jaspinder-narula/